संख्या–4098/33–3–2019–34/2019

प्रेषक,

जोगेन्द्र प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायती राज
उ0प्र0 लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 27 दिसम्बर, 2019

विषयः– निष्पादन अनुदान वित्तीय वर्ष 2016–17 के पुनः आवेदन में प्राप्त आवेदनों के परीक्षणोपरान्त जनपद स्तरीय समिति द्वारा हस्ताक्षरित सूची पोर्टल पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–8/3118/2018–8/101(3)/2019–20 दिनांक 26.12.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 के निष्पादन अनुदान हेतु जनपद स्तर पर गठित समिति के मूल्यांकन के उपरान्त हस्ताक्षरित सूची ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु अतिरिक्त समय प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद स्तरीय समिति के मूल्यांकन के उपरान्त हस्ताक्षरित सूची ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु दिनांक 30.12.2019 तक पोर्टल खोलने की अनुमति एवं हस्ताक्षरित सूची संकलित कर शासन को उपलब्ध कराने के लिए दिनांक 05.01.2020 तक का समय प्रदान किया जाता है।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जोगेन्द्र प्रसाद)
संयुक्त सचिव।

Amit Sri.